
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# भारत–नेपाल सीमा के बीच अवैध ढंग से हो रही आवाजाही पर बढ़ी चौकसी

**खबर का असर**

## पेज थ्री पर प्रकाशित खबर पर लगी मुहर, सशस्त्र बल के कमांडर ने जवानों के साथ बढ़ाई चौकसी

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। बीते अक्टूबर माह की इक्कीस तारीख के अंक में पेज थ्री द्वारा भारत नेपाल सीमा को जोड़ने वाले झूलाघाट,जौलजीवी ,बलुवाकोट व धारचूला पुलों के बंद होने के बावजूद भी इन सीमाओं पर तस्करों की मुराद पूरी होने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। बता दें कि एक बार फिर पेज थ्री पर प्रकाशित खबर का असर हुआ है।

जानकारी के मुताबिक नेपाल और भारत सीमा के बीच अवैध ढंग से हो रही आवाजाही पर सीमा पर तैनात सशस्त्र बल के कमांडर ने अपने जवानों के साथ मिलकर इन पुलों पर सुरक्षा और चौकसी बढ़ा दी है। वही सशस्त्र बल के कमांडर ने नेपाल से इस मामले पर सहयोग की भी मांग की है। बता दें कि बीते मार्च से लगे लॉकडाउन से अब तक भारत और नेपाल सीमा के पुलों के बंद होने से आवाजाही पर



पूरी तरह से रोक लगी हुई है। मगर दूसरी ओर पुलों के बंद होने का फायदा नेपाल की ओर से वहां के कुछ तस्कर सामान व लोगों की जान जोखिम में डालकर उनसे काली नदी को अधेरी रात में टूयूब के सहारे पार कराकर ये तस्कर मोटी रकम मुनाफा कमा रहे है।

वही डेढ़ सप्ताह के बाद सीमा पर सशस्त्र बल के कमांडर को पेज थ्री समाचार के माध्यम से सूचना मिली कि इन दिनों पुलों के बंद होने के बावजूद नेपाल से लोग टूयूब के सहारे देर रात में मौके का फायदा उठाकर आवाजाही कर रहे है। बता दें कि पेज थ्री पर प्रकाशित खबर का संज्ञान लेने के बाद सशस्त्र बल के कमांडर ने सीमा पर सर्तकता और खासी चौकसी बड़ा दी है।

सशस्त्र बल के कमांडर ने कहा कि भारत और नेपाल के सदियों से रोटी और बेटी का संबंध है। वही सीमा पर किसी तरह से लोगों की जान जोखिम में डालकर अपनी मनमानी करने वालों पर अब सीमा बल के जवान लगाम कसने को तैयार हो चुके है।

जानकारी मिली है कि देर रात सीमा बल के जवानों के द्वारा बढ़ाई गई चौकसी के दौरान कुछ हद तक अब काली नदी को टॅयूब के सहारे पार कराने वाले तस्करों की तस्करी पर रोक लगनी शुरू हो गई है। भारत नेपाल सीमा के पुलों के दोनों ओर सशस्त्र बल के जवानों ने अपने कमांडर के साथ मिलकर गस्त बढ़ा दी है। सशस्त्र बल के कमांडर ने पेज थ्री पर प्रकाशित खबर का आभार जताया है।

## न्यूज डायरी

### शादी के दूसरे दिन ही युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**संवाददाता** काशीपुर। काशीपुर में शादी के दूसरे दिन एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। गुमशुदा युवक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बरामदगी की गुहार लगाई है। मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी है। कचनालगाजी के कुमायूं कालोनी निवासी फईम अहमद पुत्र हबीब अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसके पुत्र फईम अहमद का विवाह चार नवम्बर को जिला मुरादाबाद के स्यौहारा पीलकपुर निवासी शकीना पुत्री खुर्शीद अहमद के साथ धूमधाम से हुआ था। शादी के दौरान दुल्हा फईम समेत पूरा परिवार खुश था। लेकिन शादी की अगली सुबह फइम संदिग्ध परिस्थितियों में घर लापता हो गया। अपना मोबाइल भी घर पर छोड़ गया है।

### छोटे शहरों में एमएस धौनी क्रिकेट एकेडमी खोलना प्राथमिकता

**संवाददाता** रुड़की। रुड़की में दिसंबर से एमएस धौनी क्रिकेट एकेडमी की शुरुआत की जाएगी। इसमें छह साल से अधिक आयु वर्ग के बच्चों को क्रिकेट के गुर सिखाए जाएंगे। देहरादून रोड स्थित एक होटल में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में एकेडमी के मैनेजिग डायरेक्टर एवं पूर्व क्रिकेटर मिहिर दिवाकर ने कहा कि विभिन्न आयु वर्ग के अनुसार पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है। एकेडमी में उच्च स्तरीय कोच प्रशिक्षण देंगे। कहा कि छोटे शहरों में एमएस धौनी क्रिकेट एकेडमी खोलने का उद्देश्य वहां की प्रतिभा की पहचान कर उन्हें एक मंच प्रदान करना है। मेट्रो शहर उनकी प्राथमिकता नहीं हैं।

### नैनीताल बैंक की नवीन शाखाओं का देहरादून में भव्य उद्घाटन

**संवाददाता** देहरादून। नैनीताल बैंक की दो नवीन शाखाओं क्रमशः भाऊवाला, देहरादून एवं छिद्दरवाला, देहरादून शाखा का उद्घाटन बैंक के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश पंत द्वारा देहरादून स्थित नव सुसज्जित परिसर में दीप प्रज्वलित कर किया। श्री पंत ने इस अवसर पर प्रतीक स्वरूप फीता काटा तथा उद्घाटन से संबन्धित अन्य ओपचरिकताए पूरी की। इसके साथ ही बैंक की शाखाओं की कुल संख्या बढ़कर 150 हो गयी है। इस अवसर पर आयोजित एक सादे समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, प्रमुख ग्राहकों, अन्य उपस्थित आगंतुकों को संबोधित करते हुए श्री पंत नें बैंक की महत्वाकांक्षी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए बताया की बैंक उत्तराखंड के विकास हेतु अनेक योजनो के माध्यम से औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सरल एवम सस्ती दरों पर ऋण सुविधाए प्रदान करने हेतु कृत संकल्प है।

## महिला के गले से चैन छीनने वाले दो झपटमार पुलिस की गिरफ्त में



**संवाददाता** पिथौरागढ़। रविवार की सायं वादिनी द्वारा थाना कोतवाली पिथौरागढ़ में आकर तहरीर दी गई कि जाखनी से कुमौड़ की तरफ जाते समय कमल फर्नीचर के सामने पर दो अज्ञात मोटर साईकिल सवार व्यक्तियों द्वारा उनकी माता जी के गले से सोने की चेन छीनने का प्रयास किया गया, जिस पर पुलिस अधीक्षक प्रीति प्रियदर्शिनी के आदेशानुसार कोतवाली पिथौरागढ़ में एफ.आई.आर.नं0– 268/2020 धारा– 356 भा.द.वि. के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पिथौरागढ़ के निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा सुरागरसी–पतारसी करते हुए शुक्रवार को दोनों अभियुक्तों को कुमौड़ तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

## दो शिक्षक कोरोना पॉजिटिव स्कूल तीन दिन के लिए बंद

**संवाददाता** गोपेश्वर। चमोली जिले में दो इंटर कॉलेजों में दो शिक्षकों के कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद विद्यालय तीन दिन के लिए बंद कर दिए हैं। चमोली जिले में हाईस्कूल व इंटर की कक्षाओं में 60 प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति है। हालांकि उपस्थिति प्रतिदिन बढ़ रही है। थराली में राजकीय इंटर कॉलेज कूनीपार्था, राइंका नारायणबगड़ एक–एक शिक्षक कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। इन विद्यालयों में तैनात अन्य शिक्षकों का भी कोविड टेस्ट किया जा रहा है। विद्यालयों को तीन दिन के लिए बंद कर सैनिटाइज किया जा रहा है।

मुख्य शिक्षा अधिकारी ललितमोहन चमोला ने बताया कि विद्यालय खुलने से पहले अधिकतर शिक्षक अपना कोरोना टेस्ट करा रहे हैं। कोरोना के लक्षण पाए जाने पर शिक्षकों का दोबारा टेस्ट हुआ तो दो शिक्षक अलग–अलग विद्यालय में कोरोना पॉजिटिव मिले। जिले में विद्यालयों में कोरोना लक्षण पाए जाने पर छात्र, शिक्षकों का कोरोना टेस्ट कराया जा रहा है। जिले में कुल 206 हाईस्कूल व इंटर कॉलेज खुले हैं। विद्यालयों में 60 प्रतिशत उपस्थिति है।

### परीक्षा फार्म की अंतिम तिथि तय

परिषदीय परीक्षाओं के फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 नवंबर घोषित की गई है। छात्र छात्राओं को इस तिथि तक परीक्षा शुल्क जमा करना अनिवार्य है। छात्रों की उपस्थिति कम होने से फार्म भरने से छात्र छात्राएं वंचित रह सकती हैं। हालांकि विद्यालय के शिक्षक संबंधित छात्र छात्राओं को सूचित कर फार्म भरना सुनिश्चित कर रहे हैं। यही कारण है कि छात्र संख्या विद्यालय खुलने के बाद प्रतिदिन बढ़ रही है।

## भाजपा विधायक चैंपियन का एक और विवादित ऑडियो वायरल

**संवाददाता**

रुद्रपुर। विवादों में रहने वाले खानपुर के भाजपा विधायक प्रणव कुंवर सिंह चौंपियन एक बार विवाद में फंस गए हैं। चौंपियन का एबीवीपी के एक कार्यकर्ता को धमकी देने का ऑडियो वायरल होने के मामले को भाजपा ने गंभीरता से लिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। पार्टी के उच्च पदाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। विधायक से जवाब तलब किया जाएगा।

### प्रदेश अध्यक्ष ने कहा तलब किया जाएगा

प्रदेश अध्यक्ष वंशीधर भगत ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि जिला विकास प्राधिकरण जिस मकसद से बनाया गया है, वह पूरा नहीं हो पा रहा है। नक्शा पास कराने जैसी समस्याओं के लिए जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए जनता के हितों को ध्यान में रखकर डीडीए को समाप्त करने के लिए मुख्यमंत्री से बात की गई है। सकारात्मक बात हुई। भविष्य में जल्द इसका सकारात्मक परिणाम आएगा।

बताया कि बंगाली समाज के प्रमाण पत्रों से पूर्वी पाकिस्तान शब्द हटाने व नजूल भूमि पर मालिकाना हक देने की प्रक्रिया चल रही है। महंगाई काबू करने के लिए आलू व प्याज आयात किया जा रहा है। केंद्रों में किसानों का बंपर धान क्रय हो रहा है। साथ ही समय से भुगतान किया जा रहा है। गन्ने के रकबे पर धान का रकबा दिखाकर धान तौल के सवाल पर उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर जांच कराई जाएगी। बताया कि भाजपा का मंडल स्तर पर प्रशिक्षण शिविर 28 अक्टूबर से चार नवंबर तक चला। अब दूसरा चरण छह से 12 नवंबर तक चलेगा। शिविर को लेकर कार्यकर्ता काफी उत्साहित है। इसके माध्यम से जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को भी उठाना है।

भूस्वामित्व योजना में यूएस नगर में 50 हजार लोग लाभांवित हुए हैं। वर्तमान में प्रदेश में भाजपा के जितने विधायक हैं, उससे अधिक सीटें वर्ष, 2022 के चुनाव में लाने का लक्ष्य है।

## श्रमिक विरोधी कानूनों के विरोध में दवा प्रतिनिधियों ने किया प्रदर्शन

**संवाददाता** पिथौरागढ़। श्रमिक विरोधी कानूनों को वापस लिए जाने की मांग को लेकर दवा प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। 31 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन संघ की ओर से प्रधानमंत्री को प्रेषित किया गया। दवा प्रतिनिधि संघ के अध्यक्ष भुवन पांडे की अगुवाई में कलक्ट्रेट पहुंचे दवा प्रतिनिधियों ने श्रमिक विरोधी और किसान विरोधी कानूनों पर गहरा आक्रोश जताया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की नए कानून देश की आम जनता पर भारी पड़ रहे हैं। दवा प्रतिनिधियों ने स्वास्थ क्षेत्र का बजट बढ़ाए जाने, देश के हर व्यक्ति के लिए स्वास्थ सुविधा सुनिश्चित करने, सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण करने जैसे तमाम मुद्दे प्रदर्शन के दौरान उठाए। प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर मांगों पर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में संघ के सचिव भगवान सिंह, महेश भट्ट, हरीश बिष्ट सहित तमाम दवा प्रतिनिधि शामिल थे।